## खबर संक्षेप

### पति से कहासुनी के बाद महिला फरार

**बावल।** आईएमटी की एक कंपनी में काम करने वाली महिला पति से कहासुनी होने के बाद कंपनी से गेट पास लेकर फरार हो गई। पुलिस शिकायत में क्षेत्र के एक गांव में रह रहे कंपनी कर्मचारी ने बताया कि वह और उसकी पत्नी एक कंपनी काम करते हैं। 24 मई को कहासुनी के बाद दोनों कंपनी चले गए थे। बाद में उसकी पत्नी कंपनी से गेट पास लेकर गायब हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद महिला की तलाश शुरू कर दी।

### कंपनी के बाहर खड़े दो ट्रकों से सामान चोरी

**धारूहेड़ा।** आईएमटी में एक कंपनी के बाहर खड़े दो ट्रकों से लाखों रुपये का सामान चोरी हो गया। पुलिस शिकायत में कंपनी के फील्ड ऑफिसर अख्तर हुसैन ने बताया कि कंपनी की दो गाड़ियों में माल भरकर आया था। दोनों गाड़ियों के चालक घर चले गए थे। उसे पता चला कि गाड़ियों के दरवाजों की सील टूटी हुई थी। जब गाड़ियों के पास जाकर सामान चेक किया तो उषा कंपनी के 25 व अमूल के 90 बॉक्स चोरी किए हुए मिले। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### कोसली क्षेत्र से युवती घर से गायब

**कोसली।** क्षेत्र के एक गांव से करीब 19 वर्षीय युवती घर से अचानक लापता हो गई। एक गांव निवासी विधवा महिला ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसके दो लड़के और एक लड़की है। उसकी बेटी एक कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है। 24 मई को वह घर पर अकेली थी। जब वह घर लौटी तो उसे बेटी गायब मिली। इसके बाद उसने अपनी बेटी की काफी तलाश की, परंतु उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### ईंधन में आग लगने के बाद केस दर्ज

**कोसली।** जुड्डी में दलित समुदाय के लोगों के ईंधन में आग लगाने के आरोप में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ आगजनी का केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में सुरेश कुमार ने बताया कि गांव की खाली पड़ी जमीन पर समाज के लोग अपना ईंधन डालते हैं। पहले भी यहां आगजनी हो चुकी है। अब एक बार फिर किसी ने ईंधन में आग लगा दी। इससे कई ग्रामीणों का ईंधन जलकर राख हो गया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### हजारों रुपये नकदी सहित दानपात्र चोरी

**नांगल मूंदी।** लाधुवास अहीर में चोर एक मंदिर का दानपात्र चोरी कर ले गए। रामपुरा थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में विपिन कुमार ने बताया कि गांव के दुर्गा मंदिर में पुजारी रहता है। पुजारी सुबह जब मंदिर में पूजा करने के लिए पहुंचा तो सारा सामान बिखरा हुआ था। उसने देखा तो मंदिर का दानपात्र वहां नहीं मिला। पुजारी का मोबाइल फोन भी गायब मिला। मंदिर का दानपात्र करीब सात माह से नहीं खोला गया था, जिससे उसमें लगभग 20 हजार रुपये होने का अनुमान है। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर पुलिस ने 17 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में फतेहपुरी निवासी जितेंद्र और टूमना निवासी राहुल को गिरफ्तार कर लिया।

### नई अनाजमंडी में वर्ष 2019-20 में आया था 158387 क्विंटल कपास, 2022-23 में घटकर 31099 की हुई आवक

# पिछले छह वर्षों से घटता जा रहा कपास का रकबा अठारह हजार हेक्टेयर से सात हजार पर आया

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

जिले में किसानों की ओर से खरीफ की फसल कपास की बुआई की जा रही है। बाजरे की बुआई आगामी माह से शुरू होगी। इस वर्ष जिले में 7000 हेक्टेयर में कपास की बुआई की जा रही है, जबकि बाजरे की बुआई 75 से 80 हजार हेक्टेयर में की जाएगी। जिले में पिछले 6 वर्षो से कपास का रकबा का घटता जा रहा है। वर्ष 2019 में जहां कपास की बुआई 18900 हेक्टेयर में की जाती थी वही इस वर्ष यह घटकर 7000 हेक्टेयर रह गई है, जबकि बाजरे का वर्ष 2019 से 15 हजार हेक्टेयर के करीब बढ़ गया है। 2019 में बाजरे का रकबा 67000 हेक्टेयर था, जोकि अब 80000 हेक्टेयर चल रहा है। कपास के रकबे के घटने का मुख्य कारण मेहनत व बरसात की कमी है। रकबा कम होने से नई अनाजमंडी में बिकने के लिए आने वाले कपास की मात्रा में प्रति सीजन में कम होती जा रही है। 2019-20 में कपास का रकबा 18900 हेक्टेयर होने पर नई अनाजमंडी में 158387 क्विंटल कपास की आवक हुई थी, जबकि 2022-23 में रकबा घटकर 7000 हेक्टेयर रह जाने पर अनाजमंडी में 31099 क्विंटल कपास ही बिक्री के लिए आ पाया।





रेवाड़ी। अनाजमंडी में 2022 में आए कपास का फाइल फोटो, खेतों में फूटने लगे कपास के पौधे। फोटो :हरिभूमि

### खेतों में फूटने लगी कपास की पौध

जिले में काफी किसान खेतों में कपास की बिजाई कर चुके है। करीब 20 दिन पहले की गई कपास की बिजाई की पौध भी फूटने लगी है। अब अच्छी पैदावार के लिए किसानों को बरसात का इंतजार है, ले कि न बरसात आने की अभी संभावना नजर नहीं आ रही है, इसलिए किसानों को स्वयं फसल में समय पर पानी देना होगा।



डा. अनिल यादव।

### कपास में पहला पानी 50 दिन बाद दें: यादव

खंड कृषि अधिकारी डा. अनिल यादव ने बताया कि कपास के रकबे के घटने का मुख्य कारण मेहनत ज्यादा व बरसात की कमी है। उन्होंने बताया कि कपास की फसल के लिए पलेवा गहरा करें। पहला पानी 50 दिन के बाद दें। फसल में डीएपी, जिंक, पोटाश व यूरिया पोषक तत्वों की मात्रा पूरी रखे। रसचूसक कीड़ों की पूरी निगरानी रखे। फसल में कीटनाशक का स्प्रे करने से पहले कृषि विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले।

#### अनाजमंडी में छह वर्षो में हुई कपास की बिक्री

| वर्ष | क्विंटल में आंकड़े |
|---|---|
| 2018-19 | 10726 |
| 2019-20 | 158387 |
| 2020-21 | 70448 |
| 2021-22 | 26849 |
| 2022-23 | 31099 |
| 2023-24 | 49955 |

### बाजरे की बिजाई 15 जून के बाद करें

खंड कृषि अधिकारी डा. यादव ने बताया कि किसान बाजरे की बिजाई 15 जून से पहले न करें। अच्छी गुणवत्ता वाले बाजरे के बीज खरीदे तथा डीलर से पक्का बिल जरूर ले ताकि बाद में परेशानी न उठानी पड़े। बाजरे की फसल में भी पोषक तत्वों की मात्रा का पूरा ध्यान रखे। सरकारी खाद केंद्रों पर डीएपी व यूरिया उपलब्ध है। 25 पैक्स, कृभको व इफको खाद केंद्र सहित दो कॉपरेटिव सोसायटी है। इन खाद केंद्रों में फिलहाल 5000 एमटी डीएपी व 11 हजार कट्टे यूरिया उपलब्ध है।

#### नौ सालके कपास व बाजरे की बुआई के आंकडे/हेक्टेयर

| वर्ष | कपास | बाजरा |
|---|---|---|
| 2016 | 5000 | 68000 |
| 2017 | 8000 | 68000 |
| 2018 | 13000 | 65000 |
| 2019 | 18900 | 67000 |
| 2020 | 12500 | 84000 |
| 2021 | 9000 | 74000 |
| 2022 | 7000 | 82000 |
| 2023 | 9000 | 83500 |
| 2024 | 7000 | 75000 |



रेवाड़ी। कोर्ट परिसर में आरओ के साथ अधिवक्ता। फोटो :हरिभूमि

## बावल कोर्ट परिसर में लगवाया आरओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

रायपुर निवासी सुनील यादव एडवोकेट ने भीषण गर्मी को देखते हुए बावल कोर्ट परिसर में 100 लीटर का आरओ लगवाया है। सोमवार को आरओ का उद्घाटन किया गया। बार एसोसिएशन के प्रधान प्रवीन ने एडवोकेट का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर जयपाल, खुशीराम सेक्रेटरी, शुभम, भूपेंद्र खटाना, अशोक चौहान, वीएस महलावत, राजेंद्र चौधरी, कुलदीप स्वामी व अंकित सिरोहा सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थे।

## वंदना पोपली को सामाजिक सेवा में मिली डॉक्टरेट की उपाधि

■ कांस्टीट्यूशन क्लब संसद मार्ग में आयोजित समारोह में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली को अमेरिकन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है। गत दिवस दिल्ली में हुए दीक्षांत कार्यक्रम में वंदना पोपली को डॉक्टरेट की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। कांस्टीट्यूशन क्लब संसद मार्ग में आयोजित समारोह में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। इस मौके पर पूरे देश से बिजनेस, ह्यूमन राइट, खेल तथा समाज सेवा के क्षेत्र से संबंधित कई शख्सियत मौजूद रही। वंदना पोपली लगातार राजनीतिक और सामाजिक सेवा के क्षेत्र से जुड़ी हुई है। इस उपलब्धि पर वंदना ने कहा कि इस तरह की सराहना से लोगों को समाज सेवा में अच्छा काम करने की प्रेरणा मिलती है और उनको मिला हुआ सम्मान उन सबका सम्मान है, जो समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा इस सम्मान से वह और भी ऊजार्वान हो गई है। सम्मान जिस उदेश्य से दिया गया है, उसे पूरा किया जाएगा। राष्ट्र के निर्माण में महती भूमिका निभाना व आत्मनिर्भर भारत बनाना उनका उद्देश्य रहेगा।




रेवाड़ी। डॉक्टरेट की उपाधि लेते हुए वंदना पोपली। फोटो :हरिभूमि

वंदना पोपली के पति नवीन पोपली ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए इसे बड़ी उपलब्धि बताया है। शहर के प्रबुद्धजनों व संगठनों ने वंदना पोपली को बधाई दी है।

## मारपीट में घायल बुजुर्ग की हालत गंभीर

■ हत्या के प्रयास में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना खोल अंतर्गत गांव बासदुधा में बाप-बेटे के साथ जमकर मारपीट करने के बाद बुजुर्ग की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने गांव के आधा दर्जन लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस बयान में धर्मबीर ने बताया कि उसके पड़ोसी सुरेश, विकास, सुमेर, कपिल, प्रिया और शकुंतला ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। उसके पिता सूबेसिंह ने इन लोगों को ऐसा करने से मना किया तो विकास व कपिल ने सैटरिंग की कीलें लगी हुई लकड़ियों से उसके पिता पर हमला कर दिया। यह लोग उसके पिता को निर्ममता से पीट रहे थे। पता चलने के बाद वह मौके पर पहुंचा, तो उसके साथ भी जमकर मारपीट की गई। आसपास के लोगों ने बचाव कराया। इन लोगों ने उसके परिवार को जान से खत्म करने की धमकी दी। बाद में उसने अपने पिता को गंभीरावस्था में ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रोहतक पीजीआई के लिए रेफर कर दिया गया।

#### प्राइवेट अस्पताल में हालत नाजुक

पीजीआई में रेफर करने के बाद परिजन हालत गंभीर देखकर सूबेसिंह को एक प्राइवेट अस्पताल अस्पताल ले गए। वहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उसके पिता के सिर का ऑपरेशन होने के बाद होश नहीं आया है। थाना खोल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट व हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने सुरेश, सुमेर व विकास को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## पोस्टर मेकिंग में कोमल बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर गांव स्थित रीजनल सेंटर में तंबाकू विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी अंजलि पांचाल के मार्गदर्शन में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्र कोमल ने प्रथम, रीतिका ने द्वितीय और खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से पर्यावरण व युवाओं को बीमारियों से बचाने का संदेश दिया। रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने बताया कि तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य आमजन को तंबाकू के बुरे प्रभाव से अवगत कराना तथा परिवार व समाज में जागरूकता को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं इसमें अपना विशेष योगदान दे सकती हैं। इस अवसर पर नीलम यादव, डा. योगेन्द्र, बिन्दु, ज्योति, सनिता, अंजु, बिरेन्द्र, रविन्दर, रामपाल, सुखबीर, सुशीला, जयभगवान, जितेन्द्र, आनंद व मधुबाला उपस्थित थे।



रेवाड़ी। पोस्टरों के माध्यम से जागरूकता का संदेश देती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को टैंकर ने मारी टक्कर ट्रामा सेंटर में मौत

**रेवाड़ी।** बावल रोड पर सड़क पार कर रहे व्यक्ति की तेज रफ्तार तेल टैंकर की टक्कर से मौत हो गई। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया हैं। गुरुग्राम जिले के गांव सिवाड़ी निवासी कूड़ेराम की बेटी की शादी रेवाड़ी के गांव जीवड़ा में हुई हैं। उनका नवासा आईओसी चौक स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती है, जिसका हालचाल जानने के लिए वह अस्पताल में आए हुए थे। दोपहर के समय अस्पताल से निकलकर बस स्टैंड जा रहे थे। तभी बाइपास की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार तेल के टैंकर ने कूड़ेराम को टक्कर मार दी और टैंकर चालक उन्हें काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। भीड़ जमा होने पर चालक मौके से फरार हो गया। कूड़ेराम को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## अधूरे सड़क निर्माण से लोग परेशान

■ जिला प्रशासन से मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

नंदरामपुर बास रोड निर्माण कार्य शुरू होने से पहले बंद पड़ा है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। लंबे समय से जर्जर हालत में पड़े नंदरामपुर बास रोड का कार्य शुरू किया गया था। आसपास गांवों के लोगों ने जिला प्रशासन व पीडब्ल्यूडी विभाग से जर्जर रोड का निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग उठाई जा रही थी। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने के बाद एक सप्ताह से भी ज्यादा समय से बंद है, जिसके कारण वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्य के कारण दिनभर उड़ती धूल के कारण आसपास के लोग परेशान है। वाहन चालकों व राहगीरों को भी परेशानी हो रही है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे-बड़े वाहन आवागमन करते हैं। समाजसेवी रामपाल यादव व अन्य लोगों ने जिला प्रशासन से मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।



रेवाड़ी। नंदरामपुर बास मार्ग की सड़क का अधूरा पड़ा कार्य। फोटो :हरिभूमि

**कार्यक्रम** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोरी में खंड स्तरीय प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

## समारोह में डीईओ सहित तीन दर्जन से अधिक विद्यार्थी सम्मानित

■ खंड खोल की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी को पगड़ी, शॉल, अभिनंदन पत्र व साहित्य भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोरी में खंड स्तरीय प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें खंड खोल के 10वीं तथा 12वीं कक्षा के सभी स्कूल टॉपर्स तथा मुखियाओं को सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह खनगवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी संतोष तंवर ने की। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कपिल पूनिया ने मुख्य वक्ता तथा बीआरसी राकेश वत्स ने स्वागत अध्यक्ष की भूमिका निभाई। इस अवसर पर डीईओ खनगवाल को शिक्षा विभाग में तीन दशकों की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। खोरी विद्यालय के प्राचार्य ब्रह्म प्रकाश यादव के संयोजन में आयोजित समारोह में खंड खोल के तीन दर्जन से ज्यादा विद्यार्थियों को शिक्षा रत्न पुरस्कार तथा स्कूल मुखियाओं को शिक्षा शिरोमणि सम्मान से अलंकृत किया गया। प्राध्यापिका निशा शर्मा व अजीत सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। आयोजन समिति की ओर से ओपी यादव, सतीश प्रधान, बलवान सिंह, उमेद सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजपाल, संतोष कुमारी, दीप्ति अनिल कुमार, सतीश वशिष्ठ, संदीप कुमार, दीपक शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, विनोद कुमार, पवन, हरीश चौहान व सुदर्शन ने विभिन्न प्रभार संभाले। इस अवसर पर समाजसेवी नवल किशोर गुप्ता, लक्ष्मी देवी तथा प्राध्यापक लालसिंह को विद्यालय में वाटर कूलर तथा आरओ भेंट करने पर सम्मानित किया गया।

खंड खोल की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी को पगड़ी, शॉल, अभिनंदन पत्र व साहित्य भेंट किया गया। समारोह में साहित्यकार दर्शना शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि सतबीर सिंह, संदीप कुमार, धर्मेंद्र प्रधान व सुनील कुमार सहित शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विद्यालय का स्टाफ उपस्थित था। प्राचार्य ब्रह्मप्रकाश यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।



रेवाड़ी। खोरी स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित करते डीईओ व अन्य।

### चरित्र निर्माण पर विचार गोष्ठी 2 जून को

**नारनौल।** नर नारायण सेवा समिति की ओर से दो जून को सुबह साढ़े 10 बजे यादव धर्मशाला में चरित्र निर्माण एवं नैतिक उत्थान पर विचार गोष्ठी करेगा। इसमें जिला की विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं की भागीदारी रहेगी। इस संबंध में नर नारायण सेवा समिति के प्रधान रामसिंह मधुर ने बताया कि संस्था पिछले काफी वर्षों से चरित्र निर्माण एवं नैतिक उत्थान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। विगत कुछ वर्षों से ऐसा देखने में आ रहा है कि नव युवक युवती में चारित्रिक पतन बढ़ता ही जा रहा है।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

हरिभूमि सहेली

रोहतक,मंगलवार
28 मई 2024





कवर स्टोरी / विनीता

उम्र का बहुत ही नाजुक दौर होता है किशोरावस्था। यह समय परवरिश के नजरिए से पैरेंट्स के लिए भी आसान नहीं होता है। किशोरवय बच्चे को लगता है, वह अब समझदार हो गया है, जबकि उसे पैरेंट्स के पूरे गाइडेंस की जरूरत होती है। ऐसे में पैरेंट्स अपने किशोरवय बच्चों की परवरिश में किन विशेष बातों का ध्यान रखें, जानिए।

# किशोरावस्था

## जरूरी है आपके स्नेह-प्रेम की छांव

बच्चे देखते ही देखते कब बड़े हो जाते हैं, हमें पता ही नहीं चलता। किशोरावस्था में प्रवेश करते ही उनकी पसंद और प्राथमिकताएं बदलने लगती हैं। इस उम्र में विशेष देखभाल के साथ, उन्हें आपके प्यार की भी जरूरत होती है। इस नए दौर में तो उनकी परवरिश और भी चुनौतीपूर्ण हो गई है, क्योंकि इंटरनेट के कारण अब कैशोर्य बच्चों के पास सूचनाओं का असीमित भंडार होता है, इसे देखकर वे अपनी एक सोच बनाते हैं फिर अपने हिसाब से चलते हैं। ऐसे में उनसे कुछ ऐसी भूलें हो सकती हैं, जो उनके भविष्य के लिए सही नहीं होतीं। किशोर बच्चों की परवरिश सही ढंग से हो, इसके लिए पैरेंट्स को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए-

### जगाएं मन में विश्वास

जब कभी माता-पिता किसी बात को छुपाने के लिए अपने किशोर बच्चों से झूठ बोलते हैं, तो उन्हें इसका आभास हो जाता है। इससे उनके विश्वास को ठेस पहुंचती है। उन्हें ऐसा लगता है, जब उनके पैरेंट्स झूठ बोल सकते हैं, तो हम भी ऐसा क्यों नहीं करें? इस तरह वे भी किसी बात को छुपाने या झूठ बोलने की आदत अपना लेते हैं। इसलिए किशोर बच्चों के साथ आपके व्यवहार में पूरी ईमानदारी होनी चाहिए। अगर बच्चे की कोई बात सही नहीं लग रही है, तो उसे होने वाले नुकसान के बारे में प्यार से बताएं और ऐसा ना करने के लिए मना करें। बच्चे का भरोसा जीतने के लिए निरंतर प्रयास की जरूरत होती है, यह अचानक संभव नहीं है। हो सकता है, इसके लिए आपको बच्चे की कुछ छोटी-छोटी गलतियों को नजरअंदाज भी करना पड़े। मामूली-सी गलती पर अगर आप बच्चे पर ज्यादा सख्ती बरतेंगी, तो वह आपसे बातें छिपाना शुरू कर देगा, इससे उसका कोई बड़ा नुकसान हो सकता है। इसलिए जब बच्चा कोई गलती करे तो उसे प्यार से समझाएं, अपनी गलती सुधारने का मौका दें। इसका असर उस पर जरूर होगा। किशोर बच्चा आपकी बातों को अहमियत देने लगेगा।



### बोलें कम-सुनें ज्यादा

कुछ पैरेंट्स छोटी-छोटी बातों पर बच्चों के साथ बहुत ज्यादा रोक-टोक करते हैं, क्योंकि उन्हें ऐसा लगता है कि अनुशासन के लिए यह जरूरी है, लेकिन आपके ऐसे व्यवहार का बच्चे पर विपरीत असर पड़ता है, वह आपकी बातों को अनसुना करने लगता है। इसलिए बच्चे को ज्यादा रोके-टोके नहीं। लेकिन जब भी बच्चा आपसे अपनी कोई समस्या शेयर करे, तो उससे यह कहकर 'तुम्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था,' दोषी न ठहराएं। बल्कि समाधान ढूंढने में उसकी मदद करें। इससे घर में माहौल सौहार्दपूर्ण रहेगा।

### बच्चों से लें मदद और सलाह

आजकल के किशोरवय बच्चे काफी समझदार होते हैं। वे इस तकनीकी दौर में आपके लिए मददगार हो सकते हैं। अगर आप मोबाइल, लैपटॉप से जुड़ी कोई जानकारी चाहती हैं, तो बेझिझक अपने बच्चों से मदद लें। उन्हें इस तरह की मदद देकर खुशी होगी। पहले ऐसा माना जाता था कि बच्चों को पारिवारिक समस्याओं की जानकारी नहीं होनी चाहिए, लेकिन अब यह सोच बदली है। अगर परिवार में कोई समस्या है तो इस बारे में उसको बताएं। वे भी आपको सलाह दे सकते हैं। जब आप इस तरह उनकी मदद लेंगी तो किशोरवय बच्चों के साथ आपकी बॉन्डिंग बढ़ेगी।



### अपनाएं केयरिंग बिहेव

आजकल अधिकतर परिवारों में माता-पिता दोनों वर्किंग होते हैं, इससे उनके पास समय की कमी रहती है, लेकिन आप चाहे कितनी ही बिजी क्यों न हों, बच्चों को दिए जाने वाले वक्त में कटौती न करें। कुछ पैरेंट्स ऑफिस से लौटने के बाद अपने मोबाइल में बिजी हो जाते हैं, उन्हें देखकर बच्चे भी यही तरीका अपनाते हैं। शाम को घर लौटने के बाद बच्चों के साथ डिनर करें, इसके बाद इवनिंग वॉक पर जाएं। वॉक करते-करते उनसे पूछें कि उनका दिन कैसा रहा? अपने कुछ रोचक अनुभव आप भी उनके साथ शेयर करें। इससे आपके साथ उनका भावनात्मक बंधन मजबूत होगा।

### दें थोड़ा पर्सनल स्पेस

किशोर उम्र में हॉर्मोन संबंधी उतार-चढ़ाव के कारण बच्चों के मन में कई स्तरों पर अंतर्द्वंद्व चल रहा होता है, इससे कई बार उनका मन बहुत तनाव ग्रस्त होता है और वे कुछ पल अकेले सुकून के साथ बिताना चाहते हैं, इस दौरान वे अपनी रुचि से जुड़े किसी रचनात्मक कार्य में भी व्यस्त रहते हैं। अगर आपका बच्चा दिन के कुछ घंटे अकेले भी बिताना चाहता है, तो आप चिंतित न हों, लेकिन इस बात का ध्यान जरूर रखें कि वह इसका गलत फायदा न उठाए। ऐसी समस्या से बचने के लिए आप कुछ सीमाएं निर्धारित करें, मसलन उसे कमरे का दरवाजा बंद करने की इजाजत न दें, उसे हर एप का पासवर्ड भी न दें।

### प्रशंसा है जरूरी

जिस तरह आप छोटी-छोटी गलतियों पर अपने बच्चे को डांटती हैं, उसी तरह उसके हर अच्छे काम की तारीफ भी करें। अगर किसी कार्य में उसे सफलता मिली है, उसके बारे में अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और परिचितों को भी बताएं, अपनी प्रशंसा सुनकर उसका मनोबल बढ़ेगा। अगर कभी उससे कोई गलती हो, तो दूसरों के सामने कभी डांटे नहीं, बल्कि अकेले में समझाएं। उसे यह भरोसा दिलाएं कि हर हाल में आप उसके साथ हैं। जब आप अपने किशोरवय बच्चों की परवरिश पूरी तरह अपना स्नेह-प्रेम देकर करेंगी तो उनके व्यक्तित्व का विकास सही ढंग से होगा। ❁

**(चाइल्ड काउंसलर पूनम कामदार से बातचीत पर आधारित)**

---

बिहेवियर / शिखर चंद जैन

कुछ लोगों का स्वभाव बहुत अजीब होता है, इनकी बातें ऐसी होती हैं कि इनके साथ बैठना मुश्किल हो जाता है। ऐसे लोगों की बातों से कैसे बचा जाए या इनसे कैसे दूरी बनाई जाए? यह कोई बहुत कठिन काम नहीं है। बड़ी आसानी से आप इनसे निपट सकती हैं।

# मुश्किल लोगों से निपटना है एक आर्ट



अपनी पर्सनल या प्रोफेशनल लाइफ में हमें रोजाना बहुत सारे लोगों से मिलना-जुलना पड़ता है। इनमें से कुछ लोग हंसमुख, जिंदादिल और पॉजिटिव नेचर के होते हैं, जो हमें एक खुशी देते हैं। वहीं इसके विपरीत कुछ लोग अजीब सी पर्सनालिटी वाले भी मिलते हैं, जो अपने व्यवहार, अपनी बातों से हमारा मूड ऑफ कर देते हैं। कई बार मजबूरी यह होती है कि हम चाह कर भी इनसे मिलना अवॉयड नहीं कर सकते। ऐसे अनकल्चर्ड और नेगेटिव माइंडेड लोगों को अगर हम टेक्टफुल होकर हैंडल करना सीख लें तो हम अपना मूड बिगड़ने से बचा सकते हैं। लेकिन इससे पहले ऐसे नेगेटिव नेचर वालों की आदतों को आपको समझना होगा ताकि आप उन्हें सही ढंग से हैंडल कर सकें।

**हर बात से शिकायत:** कुछ लोगों के दिमाग में शिकायतें ही शिकायतें भरी होती हैं। उन्हें हर व्यक्ति, हर सिचुएशन, हर जगह से शिकायत रहती है। आप उन्हें किसी अच्छे से रेस्तरां में डिनर या लंच के लिए ले जाइए, जब आप और साथ के दूसरे लोग माहौल और फूड को एंज्वॉय कर रहे होते हैं तो उनके पास तरह-



तरह की शिकायतें होती हैं। जैसे-लाइट बहुत कम है, म्यूजिक बहुत तेज है, खाना बिल्कुल बेकार है, सर्विस ढीली है आदि-आदि। ऐसे लोग सबका मूड खराब कर देते हैं। इस तरह के किसी व्यक्ति को साथ ले जाना हो तो रेस्टोरेंट उसको ही सेलेक्ट करने दें। उसकी बातों को सीरियसली ना लें, लेकिन उसे बोलने दें। टॉपिक चेंज करने के लिए उसकी किसी पुरानी बात की चर्चा शुरू कर दें और हंसी-मजाक शुरू कर दें। उसकी शिकायतें बंद हो जाएंगी।

**नॉनस्टॉप बोलने वाले :** जैसे ही आप ऐसे किसी व्यक्ति से बात करेंगी या अपना कोई अनुभव उनके साथ शेयर करेंगी, इनकी नॉनस्टॉप बातें शुरू हो जाएंगी। कम्युनिकेशन एक्सपर्ट और पुस्तक 'इमोशनल मैग्नेटिज्म हाउ टू कम्युनिकेट टू इग्नाइट कनेक्शन इन योर रिलेशनशिप' के लेखक सैंडी गर्बर कहते हैं, 'यह चटर-पटर मास्टर स्टोरी स्टीलर होते हैं। आप कुछ कहना चाहेंगे तो वह अपने किस्से सुनाने लगेंगे। ऐसे लोगों से चिढ़ने या परेशान होने की बजाय, इन्हें बोलने दें और खूब बातें पूछें। बोलने की खुली छूट देने पर यह थोड़ी देर में खुद ही चुप हो जाएंगे।'

**भेदिया नेचर:** इस किस्म के लोग आपके बेहद नजदीक आने के लिए अपने जीवन की कई बातें, कुछ खास किस्से और यहां तक कि दांपत्य जीवन की अंतरंग बातें भी आपको बताएंगे। जब आप इनकी बातों में दिलचस्पी लेने लगेंगी तो ये आपके आस-पास के दूसरे लोगों के किस्से बताएंगे। जब आप उनकी बातों में रुचि लेने लगेंगी तो ये और भी बातें बताएंगे। ऐसे लोगों को आप जल्दी पहचान लें और साफ-साफ कह दें, 'छोड़िए! हमें दूसरों की बातों से क्या लेना देना।' ये फिर कभी आपसे ऐसी बात नहीं करेंगे।

### हर बात काटने वाले

आपने कहा, 'आज वाकई मौसम बड़ा सुहाना है।' वह तुरंत आपकी बात काटेंगे, 'अरे, ठंडी हवा चल रही है, कानों में घुस गई तो मुश्किल हो जाएगी।' भले ही अगले पल फिर आप जैसी ही बात करने लगेंगे। दरअसल, ऐसे लोगों में आदत होती है, हर किसी की सही बात को भी एक बार जरूर काटेंगे। ऐसे लोगों से कैसे निपटें, इस बारे में आरगुमेंट एक्सपर्ट और पुस्तक 'कनफ्लिक्टेड व्हाई आरगुमेंट्स आर टियरिंग अस अपार्ट एंड हाउ दे कैन ब्रिंग अस टुगेदर' के लेखक इयान लेस्ली कहते हैं, 'यह इनके ईगो सेटिस्फेक्शन का तरीका है। बेहतर होगा इनसे बहस ना करके आप इनकी बात से सहमति जता दें और बात को खत्म कर दें। वे अपने आप चुप हो जाएंगे।'

**इनसे भी निपटना है जरूरी:** बात-बात पर कटाक्ष करने वाले लोग शारीरिक बनावट, किसी की मानसिक समस्या, ड्रेस, वित्तीय स्थिति, जाति, धर्म या लिंग आदि पर चुभने वाले जोक्स या तंज करने में माहिर होते हैं। इन्हें पहली बार में ही साफ शब्दों में समझा दें कि आप इस तरह की बातें ना कहना और ना सुनना पसंद करती हैं। इससे ऐसे लोग स्वयं आपसे दूरी बना लेंगे। ❁

---

सलाह / मेघा राठी

# बुरा समय भी लाता है अच्छे दिन



हर व्यक्ति के जीवन में अच्छे-बुरे दिन आते हैं। अच्छे दिनों की तो सभी कामना करते हैं, बुरे दिनों को लोग जीवन के लिए अभिशाप मानते हैं। जबकि बुरे दिन सिर्फ बुरे नहीं होते, अच्छे दिनों की राह बनाते हैं, बशर्ते हम उसे सकारात्मक भावों से देखें। बुरे वक्त के पीछे कुछ अच्छाइयां भी छिपी होती हैं, जो बुरा वक्त जाने के बाद हमें पता चलती हैं।

**क्षमता पहचानने का मौका:** जब भी बुरा समय आता है, इससे उबरने के लिए व्यक्ति अपनी पूरी जी-जान लगा देता है। बहुत ही विवेक से काम लेता है। ऐसे में उसे भान होता है, अपनी उन क्षमताओं का, जिनका उपयोग उसने पहले कभी नहीं किया था, क्योंकि उसे इसकी आवश्यकता ही नहीं पड़ी थी। जब एक बार व्यक्ति अपनी क्षमताओं से परिचित हो जाता है, तब किसी भी कार्य को करने के लिए उसके भीतर आत्मविश्वास जाग जाता है, इसके बाद वह जो भी काम अपने हाथों में लेता है, उसमें सफल होता है।

**स्वयं को नियंत्रित करने का अवसर:** बुरे समय में व्यक्ति के अंदर दो तरह की ऊर्जाएं प्रवाहित होती हैं, एक सकारात्मक जो उसकी आशाओं को जिंदा रखती है, दूसरी नकारात्मक जो उसे गलत राह की ओर ले जाती है। यह व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह किस प्रकार की ऊर्जा को स्वयं में बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहता है। ऐसे में व्यक्ति अगर योग से स्वयं पर नियंत्रण रखे तो सकारात्मक ऊर्जा उसका जीवन सरल बनाकर संवार देती है।

**बुरे समय के दौरान क्या करें :** कहना आसान होता है, करना मुश्किल। लेकिन दृढ़ इच्छा शक्ति से अपने समय में बदलाव लाया जा सकता है, इसके लिए जरूरी है कि अतीत में जो घट चुका है, उसे बार-बार याद करना, अफसोस करना छोड़ दें। हां, उसके अनुभव को याद रखकर, सबक लेकर आगे क्या, कैसे करना है, इस पर ध्यान दें। आशावादी बनिए, लेकिन बहुत अधिक भी उम्मीदें न करें, क्योंकि उम्मीदों के टूटने से नकारात्मकता पैदा होती है। इसलिए मन शांत रखकर, बिना परिणाम की उम्मीद किए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें, साथ ही अपना व्यवहार भी अच्छा रखें, क्योंकि बुरा समय तो बीत ही जाएगा, लेकिन आपका अच्छा व्यवहार और काम आपकी पहचान बनकर हमेशा साथ रहेगा। ❁

---

अगर आप आने वाले महीनों में अपनी बगिया में उगी ताजी-हरी सब्जियों का स्वाद लेना चाहती हैं तो इसकी अभी से तैयारी कर लीजिए। इसके लिए क्या-कैसे करना होगा, जानिए।

# अभी कर लें बगिया तैयार

## मिलेंगी ताजी-हरी सब्जियां



गार्डनिंग / अनु आर.

मई महीने के इन आखिरी दिनों में या जून के पहले सप्ताह में अगर आप भिंडी, बींस, ककड़ी, खीरा, सेम, टमाटर, हरी मिर्च और कद्दू के बीज अपनी बगिया में बो दें तो जुलाई आते-आते बगिया हरी-भरी और फलदार हो जाएगी। इसके लिए पहले बगिया को तैयार करना होगा।

**मिट्टी और खाद:** आपके पास गार्डनिंग के लिए जमीन हो या गमले, सबसे पहले उर्वर मिट्टी बनानी होगी। इसके लिए सबसे पहले धूप में मिट्टी को अच्छे से सुखा लें। इससे मिट्टी के अंदर मौजूद कीड़े-मकोड़े मर जाएंगे। मिट्टी को सूखी और भुरभुरी बनाने के बाद उसमें देसी गोबर की खाद मिला लें। इसे भी एक दो दिन मिट्टी के साथ ही सुखा लें। इससे खाद और मिट्टी के अंदर की नमी की वजह से मौजूद कीट और बैक्टीरिया खत्म हो जाएंगे। अच्छी तरह से धूप में कई दिनों तक रहने से मिट्टी के अंदर मौजूद खर-पतवार भी खत्म हो जाते हैं। अब जमीन की मिट्टी या हर गमले की मिट्टी में 2 से 3 गिलास पानी डाल दें। अगले दिन शाम तक पानी सूख जाएगा और मिट्टी हल्की भुरभुरी हो जाएगी और उसके अंदर नमी भी मौजूद होगी।

**बीजों की बुवाई:** अब नम मिट्टी में एक से डेढ़ इंच गहराई में सब्जियों के बीज दबा दें और ऊपर से मिट्टी बराबर कर दें। मिट्टी बराबर करने के बाद थोड़ा-सा पानी भी जरूर डाल दें। अगर सब्जियों के बीजों को मिट्टी में दबाने के पहले कुछ घंटों तक पानी में भिगोकर रखेंगी तो वे बहुत आसानी से और जल्दी उग आते हैं। ऐसा करने से सिर्फ दो-तीन दिन के भीतर ये बीज उग आएंगे।

**अंकुर का रखें ध्यान:** जब बीज अंकुरित होकर बाहर निकल आएं, तो उसे सीधी और तीखी धूप से बचाना जरूरी है। जब पौधे 10 से 15 दिन के हो जाएं तो किसी विशेषज्ञ से पूछकर उन पौधों में लगने वाले कीड़ों से बचाव के लिए कीटनाशक छिड़क दें। नियमित रूप से पौधों को न सिर्फ पानी देती रहें बल्कि देसी खाद भी देते रहना जरूरी है।

**मिलने लगेंगी सब्जियां:** एक महीने के बाद पौधों में फूलने की शुरुआत होने लगेगी। 35 से 45 दिनों बाद आप अपनी बगिया की हरी-हरी खूबसूरत भिंडी की सब्जी खा रही होंगी। इसके कुछ ही दिनों बाद आपको कद्दू, टमाटर, हरी मिर्च, सेम और बींस के फल भी मिलने लगेंगे। बारिश की बूंद पड़ने के बाद इनमें और तेजी से फल उगने लगेंगे। यानी जुलाई-अगस्त तक आते-आते आपने जो भी सब्जियां लगाई होंगी, सभी फल देने लगेंगे। ❁

---




स्किन केयर

शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

अगर आप चाहती हैं कि आपके ग्लोइंग फेस की तरह आपके पैरों की स्किन भी क्लीन और क्लीयर नजर आए। उसकी डार्कनेस की वजह से आपको शर्मिंदा ना होना पड़े तो यहां बताए जा रहे कुछ होम रेमिडीज को आजमा सकती हैं।

# पैरों की डार्क स्किन

## यूजफुल होम रेमिडीज



आमतौर पर महिलाएं अपने फेस स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए काफी केयर करती हैं लेकिन पैरों की स्किन पर उतना ध्यान नहीं देती हैं। इससे पैरों की स्किन डार्क दिखने लगती है। इस वजह से कई बार आपको बहुत ऑड फील करना पड़ता है। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए आप कुछ आसान घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

**संतरा:** संतरे के छिलके को सुखा कर इसे मिक्सी में पीस कर पावडर बना लें। इस पावडर में कच्चा दूध मिला कर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें और इस पेस्ट को पैरों पर रगड़ें या आप इस पेस्ट को पैरों पर लगा कर कुछ समय के लिए छोड़ दें और फिर साफ पानी से धो डालें। इसे आप हफ्ते में तीन बार यूज कर सकती हैं। इससे पैरों का कालापन दूर होने के साथ पैरों की चमक भी बढ़ेगी।

**नीबू:** एक-एक बड़े चम्मच नीबू के रस और गुलाब जल को बाउल में मिक्स कर लें। इस मिश्रण को रात में सोने से पहले पैरों पर लगा लें। सुबह ताजे ठंडे पानी से धो डालिए और बाद में पैरों पर मॉयश्चराइजर लगा लें। इससे पहले आप एक नीबू को बीच से दो टुकड़ों में काटें। इस नीबू में कुछ दाने चीनी के रखकर इस नीबू को पैरों की डार्क स्किन पर कुछ देर तक रगड़ें। ऐसा करने से पैरों की स्क्रबिंग हो जाएगी। इससे पैरों के कालेपन को दूर करने में मदद मिलेगी। दरअसल, नीबू में मौजूद विटामिन सी में ब्लीचिंग प्रॉपर्टीज होती हैं।

**एलोवेरा:** पैरों के कालेपन को दूर करने के लिए बेकिंग सोडा, नमक, पानी और एलोवेरा जैल को आधी बाल्टी पानी में मिला लें। अब अपने पैरों को इस बाल्टी में कुछ देर तक रखें। इसके बाद आप बाल्टी में अपने पैरों को रगड़ें और बाद में बाहर निकाल कर साफ कर लें। अब पैरों को तौलिए से सुखा कर मॉयश्चराइजर का प्रयोग करें। इससे पैरों की डेड स्किन भी निकल जाती है।

**बेसन:** बेसन और दही का मिश्रण पैरों के कालेपन को दूर करने में काफी लाभदायक साबित होता है। एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच बेसन, 1 छोटा चम्मच दही मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पैरों को धोकर इस पेस्ट को लगा लें और जब यह सूख जाए तो पैरों को साफ पानी से धोकर मॉयश्चराइजर लगा लें। यह प्रक्रिया आप डेली कर सकती हैं।

**बेकिंग सोडा:** बेकिंग सोडा और टमाटर का इस्तेमाल कर के भी आप पैरों के कालेपन से छुटकारा पा सकती हैं। इसके लिए आप दो चम्मच बेकिंग सोडा लें और इसमें टमाटर का रस और नारियल तेल मिला लें। इस मिश्रण से पैरों पर स्क्रब करें, बाद में पानी से धो लें। इसके अलावा आप एक चम्मच बेकिंग सोडा में गुलाब जल मिलाकर तैयार पेस्ट को भी अप्लाई कर सकती हैं। इस पेस्ट को पैरों पर 15 से 20 मिनट तक लगाकर छोड़ दें और फिर सामान्य पानी से धोने के बाद मॉयश्चराइजर लगा लें। ऐसा रेग्युलर करने से अच्छा रिजल्ट मिलेगा।

**आलू:** आलू का रस क्लीनिंग एजेंट की तरह काम करता है। आलू को कद्दूकस करके रस निकाल लें। अब इस रस को पैरों की डार्क स्किन पर लगाकर 10 से 15 मिनट तक छोड़ दें। बाद में गुनगुने पानी से पैर धो लें और इस पर मॉयश्चराइजर लगा लें। इसके अलावा आप यह उपाय भी आजमा सकती हैं। कांच के बाउल में एक बारीक कसा हुआ आलू और एक नीबू निचोड़ लें। इस मिश्रण को आधे घंटे तक पैरों पर लगा रहने के बाद ताजे ठंडे पानी से पैरों को धो डालें। ❁

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### सरसों चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने दुकान से सरसों का कट्टा चोरी करने के मामले में एक आरोपी को अनाज मंडी बवानी खेड़ा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अमित निवासी भुरटाना ने थाना बवानी खेड़ा पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि एक व्यक्ति स्कूटी पर उनकी दुकान से सरसों का कट्टा चोरी करके ले गया।

### गाड़ी की टक्कर से स्कूटी सवार युवक घायल

**बाढ़ड़ा।** नेशनल हाइवे 334बी पर गांव डालावास के समीप कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार हुई निवासी मयंक घायल हो गया। घायल के पिता ने बाढ़ड़ा थाना पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है, जिस आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चोरों ने मंदिर से घंटा व कलश चुराया

**बाढ़ड़ा।** सारंगपुर में चोरों ने मंदिर को भी नहीं बख्शा और वहां से चोरी कर ले गए। चोर मंदिर से 11 किलोग्राम वजन का पीतल का घंटा, मंदिर के कलश सहित दूसरा सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। सारंगपुर निवासी रविंद्र ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के जोहड़ के पास छपार जाने वाले रास्ते पर बालाजी का मंदिर है। मंदिर की देखरेख वह करता है।

### अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में दो नामजद

**कनीना।** लोकसभा चुनाव के दौरान 25 मई को ड्राई-डे के दिन ठेका पर अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बता दें कि जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से आदर्श चुनाव आचार संहिता के संदर्भ में शराब ठेके बंद करने के आदेश जारी किए गए थे। इन आदेशों को दरकिनार करते हुए खंड के गांव कपूरी में शराब ठेके से शराब बेची जा रही थी। मौके पर पहुंचे एक्साईज इंस्पेक्टर दिनेश कुमार, एफएसटी इंचार्ज सुनील कुमार की ओर से थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई। ठेके के सेल्समैन की पहचान विकास वासी ईसराना थाना कनीना व शराब खरीदने वाले की पहचान सीताराम वासी कपूरी के रूप में हुई।

### स्कूलों में 30 जून तक अवकाश घोषित किया

**चरखी दादरी।** हीट वेव को देखते हुए प्रदेश सरकार की ओर से सभी स्कूलों में आगामी 30 जून तक अवकाश की घोषणा की है। अब स्कूलों को आगामी 1 जुलाई को ही खोला जा सकता है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि बढ़ती गर्मी और हीट वेवे की चेतावनी के चलते स्कूलों में अवकाश की घोषणा की गई है। सरकार के शिक्षा विभाग की ओर से इनको लेकर आदेश जारी किए गए हैं। आदेशों के अनुसार अब 30 जून तक सभी स्कूलों में अवकाश रहेगा और 1 जुलाई को ही स्कूल खोले जा सकेंगे। इस संदर्भ में माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशालय की ओर से हीट वेव की गाइडलाइन जारी की गई है।

### बीपीएचओ का 11वां स्थापना दिवस कल

**भिवानी।** भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन (बीपीएचओ) का 11वां स्थापना दिवस 29 मई को राजस्थान के लाडनू में होगा। इस राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने बीपीएचओ के पदाधिकारी पिछले काफी दिनों से अभियान चलाए हुए हैं। विभिन्न स्थानों पर जाकर कार्यक्रम का निमंत्रण दिया जा रहा है। सोमवार को बीपीएचओ संस्थापक मंडल की मीटिंग नीजि रेस्तरां में हुई। मीटिंग में बीपीएचओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सह संस्थापक सतीश सरोहा ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे लोगों तक कार्यक्रम की जानकारी पहुंचाएं, ताकि कार्यक्रम की अपार सफलता सुनिश्चित की जा सके।

---

**मतगणना 4 जून को : मतगणना वाले दिन स्ट्रांग रूम से बाहर निकाली जाएंगी ईवीएम**

# स्ट्रांग रूम की तीन घेरे में की जा रही निगरानी

- जिलाधीश ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए नियुक्त किए ड्यूटी मजिस्ट्रेट, तीन शिफ्ट में कर रहे मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लोकसभा चुनाव समाप्त होने उपरांत ईवीएम व वीवीपैट को पूर्ण सुरक्षात्मक तरीके से स्ट्रांग रूम में रखा गया है। चार जून को होने वाली मतगणना के समय ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम से निकालकर मतगणना की जाएगी और चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि ईवीएम व वीवीपैट की निगरानी के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं व सीसीटीवी से 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम के इनर कॉर्डन में सीआईएफ व सेंट्रल आर्म्ड फोर्स पुलिस, मिडिल कॉर्डन में हरियाणा आर्म्ड तथा आउटर कॉर्डन में जिला पुलिस की ओर से तीन घेरे में फुल प्रूफ सुरक्षा की जा रही है। इसके अलावा डीएसपी रैंक और सिविल डिपार्टमेंट की ओर से गजेटेड ऑफिसर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में लगाए गए हैं। स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी भी लगाए गए हैं, यदि कोई व्यक्ति अंदर प्रवेश करता है तो सिक्योरिटी गार्ड को बाहर लगी एलईडी के माध्यम से पता चल जाएगा।

### यह लगाए गए ड्यूटी मजिस्ट्रेट

ईटीओ सेल्स टैक्स रेवाड़ी विकास जाखड़, एक्सईएन जनस्वास्थ्य विभाग रविंद्र गोठवाल तथा एचडीओ बावल प्रवीण चौयाल को रात 10 बजे से सुबह 6 बजे, सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तथा दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक विधानसभा क्षेत्र बावल के लिए गर्ल्स कॉलेज, डीएफओ सूर्य प्रकाश, एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग विनोद बागड़ी तथा एसडीओ डीएचबीवीएन कोसली आशीष कुमार को रात 10 बजे से सुबह 6 बजे, सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तथा दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक कोसली विधानसभा क्षेत्र के लिए जैन पब्लिक स्कूल तथा एसडीओ डीएचबीवीएन पाल्हावास रविंद्र कुमार, डीडीएएच रेवाड़ी नसीब सिंह व एसडीओ लोक निर्माण विभाग रामनिवास को रात 10 बजे से सुबह 6 बजे, सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तथा दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक विधानसभा क्षेत्र रेवाड़ी के लिए गर्ल्स कॉलेज के प्रथम तल पर स्थित स्ट्रांग रूम की मॉनिटरिंग के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।




रेवाड़ी। सेक्टर-18 स्थित गर्ल्स कॉलेज में स्ट्रांग रूम के पास सुरक्षा, गर्मी के कारण गेट पर पसरा सन्नाटा। फोटो : हरिभूमि

### ईवीएम की सुरक्षा में नहीं होनी चाहिए कोताही



जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा व एसपी शशांक कुमार सावन की ओर से स्ट्रांग रूम का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। सिक्योरिटी गार्ड व अन्य पुलिसकर्मियों को पूरी तरह से सतर्क रहने के लिए निर्देश दिए गए हैं। डीसी ने अधिकारियों को ईवीएम की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए है। काउंटिंग के दौरान स्ट्रांग रूम से ईवीएम बाहर लाकर उसी टेबल पर रखी जाए, जहां उसकी गणना होनी है। मतों की गिनती के बाद ईवीएम को वापस स्ट्रांग रूम में उसी स्थान पर रखवाया जाएगा। इस कार्य के लिए कर्मचारी प्रशिक्षित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि काउंटिंग सेंटर के आसपास वाहनों की पार्किंग के लिए बेरिकेड्स लगाए जाएं।

### गर्ल्स कॉलेज व जैन पब्लिक स्कूल में होगी मतगणना

डीसी हुड्डा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव की मतगणना 4 जून को होगी। गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बावल व रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-18 तथा रोहतक संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोसली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना जैन पब्लिक स्कूल में होगी। विधानसभा क्षेत्र बावल के लिए गर्ल्स कॉलेज के भू-तल व विधानसभा क्षेत्र रेवाड़ी के लिए कॉलेज के प्रथम तल पर स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं, जिन पर एआरओ एवं एसडीएम की देखरेख में तीन शिफ्ट रात 10 बजे से सुबह 6 बजे, सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तथा दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है।

---

## रेडक्रॉस टीम ने तन्मयता से की लोस चुनाव में मदद

**रेवाड़ी।** जिले में 25 मई को संपन्न हुए 18वें लोकसभा आम चुनाव में जिला रेडक्रॉस सोसायटी का कार्य बेहद सराहनीय रहा। रेडक्रास टीम ने बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को व्हील चेयर की सुविधा देकर मतदान कराने में सहायता की। डीसी एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस के सदस्यों ने पूरी जिम्मेदारी निभाई। इस बार के लोकसभा चुनाव में कई तरह के नए बदलाव देखे गए। पीडब्ल्यूडी मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने से लेकर उन्हें बूथों तक लाने व बूथों पर सुविधाएं देने पर विशेष फोकस रहा। डीसी हुड्डा की ओर से रेडक्रॉस सोसायटी को बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं की हेल्प की जिम्मेदारी दी गई। लोकसभा आम चुनाव में रेडक्रास टीम ने जन सेवा को समर्पित लगी ड्यूटी को पूरी कर्तव्यनिष्ठा से किया।



रेवाड़ी। चुनाव के दिन बुजुर्ग को व्हील चेयर पर ले जाती टीम।

## 134-ए के तहत दाखिल बच्चों की फीस नहीं वसूल सकते प्राइवेट स्कूल


- बीईओ ने सूरज स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी करके प्राइवेट स्कूल संचालकों को किया आगाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

134-ए की नियमावली से प्राइवेट स्कूलों में दाखिल बच्चों से किसी तरह की फीस नहीं वसूली जा सकती है। खंड शिक्षा अधिकारी सतपाल धूपिया ने ऐसे स्कूलों को आगाह करते हुए नियमावली का हवाला देकर अपनी मनमानी बंद करने के निर्देश दिए हैं। सूरज स्कूल रसगण का एक मामला संज्ञान में आने के बाद बीईओ ने पत्र जारी कर 134-ए तहत हुए दाखिलों के विरुद्ध किसी प्रकार की फीस वसूली को नियमों की अवहेलना करार दिया है। बीईओ ने रसगण स्थित सूरज स्कूल प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक दिन के भीतर जवाब मांगा है। साथ ही यह भी कहा कि सरकार की और जारी नियमों की अवहेलना क्यों की जा रही है। जवाब नहीं देने की सूरत में स्कूल प्रबंधन के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का हवाला भी पत्र में दिया गया है।

गांव डूंगरवास निवासी रविशंकर ने बीईओ को एक शिकायत देकर कहा कि उसकी बेटी रसगण स्थित सूरज स्कूल की आठवीं कक्षा में पढ़ती है। उसका दूसरी कक्षा के लिए नियम 134ए के तहत सूरज स्कूल में दाखिला हुआ था। अब स्कूल प्रशासन उस पर और उसकी बेटी पर फीस के लिए लगातार दबाव बना रहा है। फीस न भरने की सूरत में बच्ची को स्कूल से निकालने की धमकी भी दी जा रही है, जिससे उसकी बेटी और वह मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। रविशंकर ने अपनी व्यथा गांव के प्रिंसिपल सुरेंद्र सिंह और गांव के सरपंच विपिन कुमार को बताई। इन दोनों ने स्कूल प्रबंधन से संपर्क कर नियमों का हवाला दिया तो स्कूल प्रबंधन ने इन लोगों को हर हाल में फीस भरने का टका सा जवाब दे दिया। सरपंच और प्रिंसिपल बीईओ ऑफिस पहुंचे और रवि शंकर तथा उसकी बेटी के साथ हो रहे अत्याचार की शिकायत की। गरीब बच्चों के प्राइवेट स्कूलों में दाखिलों के लिए 134ए का नियम बनाया गया था। इसके तहत स्कूलों को 25 फीसदी दाखिले गरीब बच्चों के करने अनिवार्य किए गए थे।

2022 में सरकार ने इस नियम को खत्म कर दिया, जिसकी एवज में मौलिक शिक्षा निदेशालय की ओर से एक अप्रैल 2022 को पत्र जारी कर यह स्पष्ट किया गया कि हरियाणा स्कूल शिक्षा नियमावली 2003 के संशोधित नियम 134ए के संबंध में जारी अधिसूचना 28 मार्च 2022 के तहत 134ए नियम को समाप्त कर दिया गया है तथा इस नियम के तहत जिस बच्चे का दाखिला मान्यता प्राप्त स्कूलों में है, ऐसे बच्चे उन्हीं स्कूलों में अपनी शिक्षा पूर्ण करेंगे।



रेवाड़ी। बीईओ की ओर से सूरज स्कूल को भेजा गया पत्र। फोटो : हरिभूमि

## भीषण गर्मी में पशुओं की विशेष देखभाल करें पशुपालक : डॉ. नीलम

- पशुओं की दवा लेने आए पशुपालकों को जरूरी टिप्स दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

सूबे में गर्मी का प्रकोप दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते जनजीवन के साथ-साथ पशुओं की सेहत पर भी बुरा असर पड़ रहा है। ऐसे में उनका विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। राजकीय पशु चिकित्सालय की वेटरनरी सर्जन डॉ नीलम यादव ने सोमवार को पशुओं की दवा लेने आए हुए पशुपालकों को जरूरी छिप्स दिए। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के चलते पशुओं को भूख कम लगना, एपिस्टेक्सिस और दस्त, नाक आंख लाल होना, हांफना, जीभ बाहर निकालना, अत्यधिक लार टपकना, मुंह में झाग आना व बेचैनी होने पर पशुओं का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। पशुओं में ऐसे सिंम्टम्स दिखाई देने पर पशुपालक तुरंत पशु चिकित्सालय में चिकित्सक से संपर्क करें। वेटरनरी सर्जन ने कहा कि मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी के अनुसार तापमान में आए दिन असामान्य बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में पशुओं के लिए कुछ विशेष प्रबंध करने की आवश्यकता है ताकि अपने पशुधन को लू लगने से बचाया जा सकें। हम कुछ उपाय करके अपने पशुओं को इस भीषण गर्मी से राहत दे सकते हैं तथा अच्छा उत्पादन बढ़ा सकते हैं। भीषण गर्मी के चलते पशुओं को दिन के समय बाहर धूप में न बांधें। यदि हमारे पास अंदर बांधने का उचित प्रबंध नहीं है तो घने छायादार वृक्षों के नीचे ही पशुओं को बांधे तथा उनके आसपास दिन में दो-तीन बार पानी का छिड़काव अवश्य करें। यदि गांव में जोहड़ है तो दिन में दो बार सुबह शाम पशुओं को ले जाकर नहलाएं। जोहड़ नहीं होने की स्थिति में भी पशुओं को सुबह शाम नहलाएं। नहलाते वक्त सर्वप्रथम दो से तीन बाल्टी पानी पशुओं के सिर पर डालें। पशुओं के बांधने के स्थान पर अंदर पंखे-कूलर की व्यवस्था करें। यदि पशुओं को हांफने, सांस लेने में तकलीफ व बुखार के लक्षण देखें तो तुरंत अपने नजदीक के पशु अस्पताल में संपर्क करें। पशुओं के पीने के लिए स्वच्छ पानी का प्रबंध करें तथा खूब पानी पिलाएं। पशुओं के बाड़े के स्थान पर बोरी के पर्दे लगाएं तथा पर्दों को बार-बार पानी से गीला करें। पशुओं को संतुलित आहार दें। इस अवसर पर वीएलडीए शशिकांत, वीएलडीए हैप्पी सिंह व अटेंडेंट नवीन कुमार अनेक पशुपालक उपस्थित थे।



रेवाड़ी। पशुपालक को जानकारी देते हुए वेटरनरी सर्जन। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस के आगे बदमाश बेखौफ, फिर चेन स्नेचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सिटी पुलिस के आगे बदमाश बेखौफ है। लोकसभा चुनाव से ठीक एक दिन पहले शाम को शहर के मोहल्ला पीरआगा में महिला के गेल से चेन तोड़कर बदमाशा भाग खड़े हुए थे। सीसीटीवी फुटेज में बदमाश भागते दिखाई दे रहे है। अब रविवार की शाम फिर वहीं चेन स्नेचिंग की घटना को बदमाशों ने अंजमा दिया है। हैरानी की बात है कि शहर में सबसे अधिक लोगों का आवागमन बस स्टैंड से महावीर चौक के बीच रहता है। इसी एरिया में बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों ने दूसरी चेन स्नेचिंग वारदात को अंजाम दिया। आगरा में हिमाचल कॉलोनी में रहने वाली महिला नीतो इन दिनों नारनौल शहर की पोखर कॉलोनी में पति के साथ रहती है। पति सचिन निजी बैंक में नौकरी करते है। पीड़िता ने पुलिस शिकायत में बताया है कि रविवार को वह पति के साथ बाइक पर बैठकर बस स्टैंड से महावीर चौक की तरफ धीरे-धीरे चल रहे थे तभी पीछे से एक बाइक पर दो युवक आए और गले की चेन तोड़कर ले गए।

## तीन ब्लॉकों में चलाया पायनियर बीज के बहिष्कार के लिए अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा खाद बीज विक्रेता एसोसिएशन व अन्य सदस्यों की ओर से सोमवार को पायनियर बीज के बहिष्कार के लिए अभियान चलाया गया। एसोसिएशन के सदस्य डहीना ब्लॉक, नाहड़ ब्लॉक व जाटूसाना ब्लॉक के 50 से ज्यादा रिटेलरों से मिले और सभी ने पायनियर का बीज नहीं बेचने पर सहमति जताई। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान राकेश बालधन ने कहा कि इस अभियान को अन्य सभी ब्लॉकों में लगातार बढ़ाया जाएगा। जिन रिटेलरों ने पायनियर कंपनी का बीज खरीद लिया था, उन्होंने भी बीज को वापस भेजने का निर्णय लिया है।



### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसोसिएशन से हेमंत, जितेन्द्र कुंड, राजकुमार मेहता बावल, जितेंद्र सीहा, संजय यादव बिठवाना, अशोक बैहरामपुर, रोशन लाल कौशिक झाड़ौदा, लक्ष्मण सिंह खोल, देवेंद्र पाल्हावास, धर्मपाल व प्रदीप मंढोला, मनीष रेवाड़ी, सुनील नांगल मूंदी, मुकेश बव्वा व नवीन डहीना सिहत अनेक रिटेलर मौजूद थे।

## समिति ने दुकानों के बाहर रखवाए डस्टबिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गल्ला व्यापार समिति गंज-कटला बाजार की ओर से सोमवार को एक अनूठी पहल की शुरूआत की गई। व्यापार समिति की ओर से बाजार के सभी व्यापारियों को डस्टबिन वितरित किए गए। इसके साथ ही सभी व्यापारियों से आग्रह किया गया कि वह अपना कचरा डस्टबिन में ही डालकर शहर के सौन्दर्यकरण में सहयोग करें। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रशांत सन्नी यादव विशेष तौर पर उपस्थित थे। सन्नी यादव ने कहा कि गल्ला व्यापार समिति की ओर से की गई पहल निश्चित तौर पर अनुकरणीय हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्वच्छ भारत का सपना लेकर आगे बढ़ रहे हैं। व्यापारी वर्ग इसी स्वप्न को साकार करने का काम कर रहा है। उन्होंने समिति को सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। समिति प्रधान हेमंत अग्रवाल ने बताया कि बाजार में करीब 90 प्रतिष्ठान है, जिन सभी पर डस्टबिन रखवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि व्यापारियों के साथ बैठक में यह निर्णय लिया गया था।




रेवाड़ी। बाजार के व्यापारियों को डस्टबिन वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

**निरीक्षण** | रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने मुख्यातिथि का गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मान किया

## यात्रियों के साथ रेल संपति की सुरक्षा पर भी बेहतर ढंग से काम करें जवान: सतीजा

- बैरक का निरीक्षण करके जवानों के लिए सभी व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे सुरक्षा बल जयपुर मंडल के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योति कुमार सतीजा ने सोमवार को नवनिर्मित आरपीएफ बैरक का उद्घाटन किया। रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने मुख्यातिथि का गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मान किया। उन्होंने बैरक का निरीक्षण करके जवानों के लिए की गई सभी व्यवस्थाओं को जायजा भी लिया। इस अवसर पर उन्होंने बैरक भवन परिसर में पौधारोपण भी किया। इसके बाद मुख्य सुरक्षा आयुक्त सतीजा ने सुरक्षा सम्मेलन में रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को सुरक्षा से संबंधित अनेक टिप्स दिए। उन्होंने जवानों को अपनी सोच में बदलाव करने, स्वास्थ्य को लेकर, खानपान के तरीके में बदलाव करने के साथ अच्छा भोजन करने के लिए के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ज्योति कुमार ने कहा कि प्रकृति से प्रेम करना व रक्तदान कैंप का आयोजन कर रक्तदान करना आज की जरूरत है। उन्होंने सभी जवानों से की व्यक्तिगत समस्या सुनकर उनका निवारण भी किया। उन्होंने कहा कि सभी जवान इंसानियत से प्यार करें, हमारी जिम्मेदारी है कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ रेल संपति की सुरक्षा पर भी बेहतर ढंग से काम करें। सहायक सुरक्षा आयुक्त मनोज कुमार ने प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योति कुमार सतीजा और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त भवप्रिता सोनी का फ्लावर पॉट देकर स्वागत किया। मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने आरपीएफ पोस्ट डॉग स्क्वॉयड सहित पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। आरपीएफ मित्र रमेश वशिष्ठ ने प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योति कुमार सतीजा, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त भवप्रिता सोनी एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त मनोज कुमार का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरिक्षक विनोद कुमार जांगड़े, आसूचना विभाग इंस्पेक्टर दिनेश कुमार, एसआई अशोक कुमार व अनिल गौतम सहित सभी अधिकारी और जवान उपस्थित थे।





रेवाड़ी। आरपीएफ जवानों को जानकारी देते तथ आरपीएफ बैरक का निरीक्षण करते ज्योति कुमार सतीजा। फोटो : हरिभूमि

### मंदिर में चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने मंदिर से सामान चोरी करने के मामले में एक आरोपी को बवानी खेड़ा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हनुमान निवासी रामपुरा,बलियाली ने थाना बवानी खेड़ा पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी।

**बेदखली सूचना**

मैं, हुक्मचन्द पुत्र श्री चंदगीराम निवासी गांव लिसाना, तहसील व जिला रेवाड़ी (हरियाणा) सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र क्रोहित, पुत्रवधू निशा व पौत्री तिरषा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। उनके व्यवहार व झगड़े आदि से परेशान होकर मैंने उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा उनसे कोई संबंध नहीं है।

## खबर संक्षेप



### एनडीपीएस एक्ट के तहत एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत 9 फरवरी को नशीला पदार्थ बेचने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया था कि उसने नशीला पदार्थ महेंद्रगढ़ के झगड़ौली निवासी कपिल से लिया था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करने के बाद कपिल की तलाश शुरू कर दी थी। अब आरोपी कपिल को गिरफ्तार करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया।

### धोखाधड़ी मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने गत वर्ष दर्ज किए गए धोखाधड़ी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 1 जून 2013 को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद धोखाधड़ी मामले की जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में दिल्ली पपरावट निवासी विनोद उर्फ वातसन को गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया गया।

### दहेज हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** गत 24 मई को विकास नगर में महिला की फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतक के पति को गिरफ्तार किया है। महिला की मौत के बाद उसके पिता ने पुलिस ने दहेज हत्या का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति विकास नगर निवासी अमर राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

### सुंददरकांड पाठ का आयोजन आज

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को प्रेमचंद सैनी, नरेश सैनी के निवास स्थान सीआईए रोड पर सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंडल के सदस्य राकेश गुप्ता ने बताया कि सुंदरकांड पाठ की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे। सुंदरकांड पाठ के बाद भजनों का दौर शुरू होगा। जिसमें शहर के गायकार भजनों से बालाजी महाराज का गुणगान करेंगे।

### बिजली निगम कार्यालय से स्क्रैप कंडेक्टर चोरी

**कनीना।** भोजावास 33 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन से बिजली के स्क्रैप कंडेक्टर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर केस दर्ज किया है। बिजली निगम के एसडीओ की ओर से सदर पुलिस थाना में दी गई शिकायत में कहा गया कि बिजली के 1583 किलोग्राम स्क्रैप कंडेक्टर रखे हुए थे।

## कूलर और एसी की हवा का असर भी हुआ कम, लोगों का घरों से बाहर निकलना हुआ मुश्किल

# हर दिन रिकॉर्ड तोड़ रही गर्मी, पारा पहुंचा 46 डिग्री पार, हीटवेव का प्रकोप बरकरार

- कल से मौसम में बदलाव आने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

तापमान हर दिन नए रिकॉर्ड बना रहा है। सीजन में पहली बार पारा 46.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो गत वर्ष इस दिन के मुकाबले 16 डिग्री सेल्सियस से भी ज्यादा रहा। हीटवेव का प्रकोप इतना बढ़ गया है कि लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल बन रहा है। लू देर रात तक लोगों को परेशान कर रही हैं। कल से मौसम में बदलाव आने की संभावना है। आसमान में बादल छाने का क्रम एक बार फिर से शुरू हो सकता है, जिससे सप्ताह के अंत तक बौछारें गिरने से हीटवेव में कमी आने की संभावना है।

सोमवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। अधिकतम तापमान इस साल पहली बार 46.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो इस दिन 20 साल बाद पहली बार पहुंचा है। गत वर्ष 27 मई को अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम 18.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मई माह में गत वर्ष गर्मी का ऐसा प्रचंड रूप देखने को नहीं मिला। रात का तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। लू का प्रकोप देर रात तक बना रहता है। आधी रात के बाद ही लू के प्रकोप में कुछ कमी आती है। सुबह 10 बजे के बाद बाजार में कर्फ्यू जैसे हालात बन जाते हैं। जबरदस्त हीटवेव के कारण जरूरी काम होने पर ही लोग मजबूरी में घरों के बाहर निकलते हैं। दोपहर के समय सड़कों पर भी सन्नाटा छाया रहता है। इस समय घरों से बाहर निकलना लू की चपेट में आने के समान है। मौसम विभाग ने एनसीआर में 24 घंटे का हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया हुआ है।


रेवाड़ी। लू से बचाव करती सरकुलर रोड से गुजरती युवतियां। फोटो : हरिभूमि

### आज टूट सकता है गर्मी का रिकॉर्ड

मौसम विभाग के अनुसार 28 मई को गर्मी का रिकॉर्ड टूट सकता है। तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इसके बाद कमजोर विक्षोभ की सक्रियता से बुधवार से आसमान में बादल छा सकते हैं। बादलों के साथ ही इस सप्ताह के अंत तक हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है, जो तापमान में कमी लाने का काम करेगी। इससे लू के प्रकोप में कुछ कमी आएगी, परंतु हवा में नमी बढ़ने से चिपचिपी गर्मी का सामना भी करना पड़ेगा। जून माह के पहले सप्ताह में भी हीटवेव का असर अपेक्षाकृत कम रहने की संभावना है।

### बिजली की खपत भी बना रही रिकॉर्ड

गर्मी के साथ बिजली की मांग भी लगातार बढ़ रही है। बीते रविवार 145 लाख यूनिट की आपूर्ति की गई। इस समय निगम के पास बिजली की पर्याप्त उपलब्धता है, जिस कारण लोगों को पावर कटों से राहत मिली हुई है। कपास व बाजरे की फसल बिजाई का कार्य शुरू हो गया है। इससे एग्रीकल्चर क्षेत्र में बिजली की मांग बढ़ते ही लोगों को पावर कटों का सामना भी करना पड़ सकता है। गत वर्ष की तुलना में इस बार बिजली की मांग 10 लाख यूनिट से भी ज्यादा बढ़ चुकी है।

### गत वर्ष मई के अंत में हुई थी बारिश

मई 2023 के अंत में जिले में लगभग 40 एमएम बरसात हुई थी। इस बरसात के बाद किसानों ने बाजरे की अगेती बिजाई भी शुरू कर दी थी। हीटवेव का प्रकोप बारिश के बाद खत्म हो गया था। इस बार मई माह में एक दिन भी बारिश नहीं हुई है। इस समय नौतपा चल रहा है। 9 दिन धरती तपने के बाद अच्छी बरसात होने की संभावना है। अगर जल्द बरसात होती है, तो किसानों को खरीफ फसलों की बिजाई में मदद मिलेगी।

### नौतपा खत्म होने से पहले बरसात

नौतपा इस बार 25 मई को शुरू हो गया था, जो 2 जून तक चलेगा। मान्यता है कि नौतपा में धरती 9 दिन तक खूब तपती है। इन दिनों भारी गर्मी व लू का प्रकोप रहता है। बीते साल नौतपा शुरू होने के पहले ही दिन बरसात ओलावृष्टि हुई थी। इस बार नौतपा के अंत में 2 जून से पहले ही बरसात होने की संभावना जताई जा रही है। माना यह भी जाता है कि नौतपा में बरसात के बाद मानसून में बारिश की किल्लत बनी रहती है।

## लू से बचाव के लिए पेय पदार्थो का ज्यादा से ज्यादा करें सेवन,जंक फूड से रहे दूरः डीसी



**रेवाड़ी।** जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़ते हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, विशेषकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी इलाज से बचाव बेहतर है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा की ओर से जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।

### लू से बचाव के लिए अपनाएं यह उपाय

डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें। सिर पर कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। ओआरएस, घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी, नींबू पानी व छाछ का सेवन जरूर करें। बच्चों को वाहनों में छोड़कर न जाएं। नंगे पांव बाहर न जाएं। गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें। काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें। खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन बिल्कुल न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना ही खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे के बीच धूप में न निकले। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द, सीने में दर्द अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। डीसी ने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें।

### जानवरों का लू से कैसे करें बचाव

डीसी हुड्डा ने कहा कि जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें, पीने के पानी के दो बाउल रखें ताकि एक में पानी खत्म होने पर वह दूसरे से पानी पी सकें। यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें। अपने पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें, जानवरों को किसी बंद जगह में न रखें, यदि आपके पास कुत्ता है तो उसे गर्मी में न टहलाएं, उन्हें सुबह और शाम को घुमाएं, जब मौसम ठंडा हो।

### ग्रीष्मकालीन अवकाश की हुई घोषणा

डीसी ने बताया कि भीषण गर्मी को लेकर हरियाणा शिक्षा निदेशालय ने 28 मई से 30 जून तक सभी विद्यालयों की सभी कक्षाओं की ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की है। पूरे प्रदेश के राजकीय व प्राइवेट स्कूलों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सभी स्कूल संचालकों से हरियाणा शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी किए गए निर्देशों का सख्ती व कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए है।

# भीषण गर्मी में राहगीरों को पानी पिलाकर किया तृप्त

- भीषण गर्मी के चलते आमजन को पानी उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के अग्रसेन चौक स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में सोमवार को स्टॉल लगाई गई। सेवानिवत्त ब्रिगेडियर रामवतार यादव के नेतृत्व में मार्केट कमेटी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की टीम ने स्टॉल लगाकर राहगीरों को मीठा पानी पिलाया।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के चलते आमजन को पानी उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य है। गर्मी की वजह से आमजन के साथ साथ अन्य सभी जीव जंतुओं का हाल-बेहाल है। हमें सभी जीवों के प रति दयाभाव रखते हुए पानी उपलब्ध कराना चाहिए। पुनीत कार्य में मंदिर पुजारी सहित जितेंद्र कुमार, राकेश कुमार, सुधीर कुमार सीए, नितेश कुमार, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार, दलीप कुमार राठी, अजय कुमार व रितिक कुमार ने सहयोग दिया।


रेवाड़ी। राहगीरों को मीठा पानी पिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### चोरों ने शराब ठेके को बनाया निशाना, करीब 50 पेटी शराब चोरी

**महेंद्रगढ़।** गांव ढाढोत के शराब के ठेके से अज्ञात चोर रात्रि को टीन उखाड़कर शराब चोरी करके ले गए हैं। चोर ठेके से करीब 50 पेटी शराब चोरी की है। शराब ठेकेदार ने पुलिस थाने में शिकायत देकर चोरों को पकड़ने व शराब बरामद करने की मांग की हैं। पुलिस ने ठेकेदार की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। ठेकेदार सुनील कुमार ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गांव बधवाना थाना झोझू कलां जिला चरखी दादरी का निवासी हैं। वह जेरपुर जोन नंबर-28 शराब का ठेका चलाता है। उसने जोन के गांव ढाढोत की शराब की दुकान ले रखी है।

# माता रमाबाई को 89वें परिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

- बाबा साहेब अंबेडकर को याद किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था आजाद नगर में सोमवार को माता रमाबाई की 89वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संस्था के पदाधिकारियो व सदस्यों ने माता रमाबाई के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने उनके जीवन परिचय, संघर्ष तथा बाबा साहेब अंबेडकर को विश्व विख्यात बनाने में अतुलनीय सहयोग के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि रमाबाई ने गरीबी के हालात में उपले थेपकर व बाजार में बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण किया। वह 37 वर्ष की अल्पायु में आज ही के दिन 1935 में इस संसार से हमेशा के लिए विदा हो गई। इस अवसर पर नारायण सिंह तंवर, डा. अतर सिंह दहिया, बीआर पंवार, प्रेस सचिव बहादुर सिंह व आरपी मेहरा न भी अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर सतबीर सिंह चौहान,अशोक चौधरी, ईश्वर सिंह, प्रताप सिंह, होशियार सिंह व प्रेमराज उपस्थित थे।


रेवाड़ी। माता रमाबाई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# रक्तदान करने से शरीर में नई स्फूर्ति आतीः डा. रेणु


रेवाड़ी। शिविर का उद्घाटन करते हुए एसडीजेएम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल

भारत विकास शाखा के सहयोग से बार एसोसिएशन की ओर से बावल बार में सोमवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ डा. रेणु सोलंखे एसडीजेएम ने रिबन काटकर किया। बावल बार के प्रधान प्रवीण नैचाना ने एसडीजेएम का स्वागत किया। उन्होंने सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान होता हैं। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में नई स्फूर्ति आती हैं। बार प्रधान ने बताया कि शिविर में वकीलों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। शिविर में करीब 70 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट सुनील रायपुर, राजेंद्र चौधरी, किरण पोसवाल, भूपेंद्र खटाना, जयपाल, शुभम व अशोक चौहान सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थे।

### पुलिस के आगे बदमाश बेखौफ, फिर सरेआम चैन स्नैचिंग

**नारनौल।** सिटी पुलिस के आगे बदमाश बेखौफ है। लोकसभा चुनाव से ठीक एक दिन पहले शाम को शहर के मोहल्ला पीरआगा में महिला के गेल से चैन तोड़कर बदमाशा भाग खड़े हुए थे। सीसीटीवी फुटेज में बदमाश भागते दिखाई दे रहे है। अब रविवार की शाम फिर वहीं चैन स्नैचिंग की घटना को बदमाशों ने अंजमा दिया है। हैरानी की बात है कि शहर में सबसे अधिक लोगों का आवागमन बस स्टैंड से महावीर चौक के बीच रहता है। इसी एरिया में बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों ने दूसरी चैन स्नैचिंग वारदात को अंजाम दिया। अब पुलिस सिर्फ केस दर्ज करने तक ही सीमित रह गई है। अभी तक बदमाश पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। आगरा में हिमाचल कॉलोनी में रहने वाली महिला नीतो इन दिनों नारनौल शहर की पोखर कॉलोनी में पति के साथ रहती है।

# अपने सरल और सौम्य व्यवहार के कारण हर वर्ग के चहेते रहे चाचा नेहरूः चिरंजीव

## जवाहर लाल नेहरू और राव अभय सिंह की पुण्यातिथि पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और क्षेत्र के प्रथम विधायक राव अभय सिंह की पुण्यतिथि पर सोमवार को विधायक चिरंजीव राव ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर विधायक चिरंजीव राव ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू व राव अभय सिंह दोनों की इच्छा थी कि समाज के उपेक्षित और जरूरतमंद लोगों की पूर्ण निष्ठा के साथ सेवा की जाए। पंडित नेहरू ने भारत देश के आधुनिक निर्माण के साथ-साथ उसे आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पंडित नेहरू ने अनेकों कार्य योजनाओं के माध्यम से कल कारखानों और लघु उद्योगों को आगे बढाने में महत्वपूर्ण कदम उठाए। चिरंजीव राव ने कहा कि पंडित नेहरू सदा देश के हर वर्ग को विकास की कड़ी से जोड़ना चाहते थे, उसके लिए अनेक योजनाओं को अमलीजामा पहनाया गया। यही कारण था कि चाचा नेहरू एक शक्तिशाली भारत के निर्माण की अहम कड़ी साबित हुए। अपने सरल और सौम्य व्यवहार के कारण वह हर वर्ग के चहेते बने रहें। विधायक चिरंजीव ने कहा कि क्षेत्र के पहले विधायक राव अभय सिंह ने भी बहुत से कार्य किए। रेवाड़ी के लिए मसानी से पानी लाने का काम व नारनौल रोड का निर्माण कराया। उन्होंने कहा कि आज के दिन देश के दोनों महापुरूषों को स्मरण करते हुए हमें यह शपथ लेनी चाहिए कि इनके बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए सेवा भावना से आमजन की खुशहाली के लिए कार्य करेंगे।


रेवाड़ी। पंडित जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी। फोटो : हरिभूमि

**जागरूकता** | साइबर थाना व ट्रैफिक पुलिस ने विद्यार्थियों को दी साइबर अपराध व ट्रैफिक नियमों की जानकारी

# महीने में एक बार पासवर्ड बदलें अपनी जमा पूंजी को सुरक्षित रखेंः एसआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस लोगों को साइबर अपराध व ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक कर रही है। सोमवार को

साइबर थाने से एसआई राहुल व ट्रैफिक पुलिस की टीम ने यूरो इंटरनेशनल स्कूल धारूहेड़ा में विद्यार्थियों को साइबर अपराध व ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। इस अवसर पर एसआई राहुल ने कहा कि आज के समय में साइबर अपराध चरम पर है। साइबर ठग आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों के साथ ठगी कर रहे है। इन्हें रोकने के लिए सभी को जागरूक होने की जरूरत है। सभी को समझना होगा कि साइबर अपराध करने वाले लोग बड़े ही चालाक किस्म के होते हैं, जिनसे सभी को बचना होगा।

ट्रैफिक पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि रोजाना की जिंदगी में ट्रैफिक नियमों को अपनाना बहुत जरूरी है। नियमों को नजर अंदाज करने से जीवन में बहुत से सड़क हादसे हो सकते हैं। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहने, घर से निकलते समय वाहन के पूरे कागजात जरूर रखे, लेट होने की बजाए समय से पहले घर से निकले। कार चलाने से पहले सीट बेल्ट जरूर बांधनी चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करे। सड़क दुर्घटना होने पर डायल 112 पर फोन करे। ड्राइविंग करते समय नशे से हमेशा दूर रहें। स्कूल के संचालक सतबीर यादव व प्रिंसिपल मीनू दुबे ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी समय-समय पर इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की।




रेवाड़ी। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिसकर्मी, शिक्षक व विद्यार्थी व ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### किसी के साथ भी ओटीपी शेयर न करें

एसआई ने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर अपने बैंक खाता, क्रेडिट व डेबिट कार्ड की जानकारी कभी भी साझा न करें। अपने फेसबुक व व्हाट्सएप पर टू स्टेप वैरिफिकेशन जरूर लगाए। अपने फेसबुक व इंस्टाग्राम अकाउंट को हमेशा प्राइवेट रखें। किसी के साथ भी ओटीपी शेयर न करे और न ही लालच में आकर अपनी बैंक संबंधी जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि अपनी जमा पूंजी को सुरक्षित रखने के लिए महीने में एक बार अपने गूगल-पे, एटीएम व अन्य ऑनलाइन पेमेंट एप का पासवर्ड जरूर बदले। एसआई ने कहा कि आज का युग मोबाइल व इंटरनेट का युग है। साइबर अपराधी लोगों को तरह-तरह के लालच देकर अपने झांसे में फसाने की कोशिश करता है। किसी भी साइबर अपराध के घटित होने पर तुरंत हेल्पलाइन नबर 1930 पर काल करे या पुलिस की साइबर क्राइम की वेबसाइट साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

# पं. नेहरू ने रखी देश के निर्माण की चहुंमुखी नींव : विद्रोही

- पंडित नेहरू ने देश को अग्रणी राष्ट्र बनाने के लिए हर क्षेत्र को सशक्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

देश के प्रथम प्रधानमंत्री व आजादी आंदोलन के प्रमुख नायक पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष वेदप्रकाश विद्रोही ने अपनी भावभीनी श्रद्धाजंली अर्पित की। कपिल यादव, अजय कुमार व अमन कुमार ने भी पंडित नेहरू को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

विद्रोही ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू जहां आजादी आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे, वहीं वह 18 वर्षो तक देश के प्रधानमंत्री रहे व देश के निर्माण की चहुंमुखी नींव रखी। पंडित नेहरू ने देश को अग्रणी राष्ट्र बनाने के लिए हर क्षेत्र को सशक्त किया। देश में बेरोजगारी का समाधान व अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए मजबूत पीएसयू बनाये। विद्रोही ने कहा कि पंडित नेहरू की धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक सदभाव व शांति की विचाराधारा में गहरी आस्था थी। बच्चों के प्रिय चाचा पंडित नेहरू भारत ही नहीं अपितु पूरी दुनिया के लिए एक आदर्श नेता थे, जिनसे पूरी दुनिया आज भी प्रेरणा लेती है। विद्रोही ने रेवाड़ी के प्रथम विधायक राव अभयसिंह की पुण्यतिथि पर भी अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।